(4)

## नियमावली

1. संस्था का नाम : परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति
2. संस्था का पूरा पता : गाँधी मै स्टेट बैंक के आगे, मऊरानीपुर झाँसी (उ0प्र0)
3. संस्था का कार्यक्षेत्र : सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश रहेगा।
4. संस्था के उद्देश्य : स्मृति पत्र के अनुसार ही होंगे।
5. संस्था की सदस्यता तथा सदस्यों के वर्ग :

कोई भी वयस्क व्यक्ति संस्था द्वारा अथवा निर्धारित प्रारुप पर आवेदन करने पर संस्था का सदस्य बन सकेगा, परन्तु प्रतिबंध यह है कि सदस्यता हेतु प्रबंधकारिणी समिति द्वारा उसे अनुमोदित कर दिया गया हो। कोई भी व्यक्ति सदस्य बनने के 6 माह बाद ही मतदान में भाग लेने का अधिकारी होगा।

**सदस्यों के वर्ग निम्नलिखित होंगे :**

**संरक्षक सदस्य :**

जो व्यक्ति इस संस्था को एक मुश्त एक बार सदस्यता शुल्क के रुप में 1100/– रूपया या इससे अधिक मूल्य की सम्पत्ति देगा वह व्यक्ति संस्था का संरक्षक सदस्य होगा।

**आजीवन सदस्य :**

जो व्यक्ति इस संस्था को एक मुश्त एक बार मुवलिग 2000/– रूपया अथवा इससे अधिक मूल्य की सम्पत्ति संस्था को दान स्वरुप देगा वह इस संस्था का आजीवन सदस्य कहलायेगा।

**सामान्य सदस्य :**

जो व्यक्ति संस्था को प्रतिवर्ष 501/– रूपया अथवा इससे अधिक मूल्य की सम्पत्ति दान स्वरुप देगा वह संस्था का सामान्य सदस्य होगा।

**विशिष्ट सदस्यः**

जो व्यक्ति शिक्षा के क्षेत्र में अथवा सामाजिक क्षेत्र में विशेष स्थान रखते हो जिन्हें संस्था की प्रबंधकारिणी समिति की सहमति प्राप्त कर नामित करेगी, वह व्यक्ति संस्था के विशिष्ट सदस्य होंगे परन्तु प्रतिबंध यह है कि ऐसे व्यक्ति मतदान में भाग लेने के अधिकारी न होंगे तथा न ही सदस्यता शुल्क के रुप में कोई धनराशि अदा करेंगे।

सत्य प्रतिलिपि

सहायक रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
झाँसी
30-12-14

Principal
Apex College of Pharmacy
Mauranipur Distt. Jhansi (U.P.)

अध्यक्ष/प्रबन्धक/कोषाध्यक्ष/उपाध्यक्ष
परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति
मऊरानीपुर (झाँसी) उ0 प्र0

Scanned with OKEN Scanner

(5)

**6. सदस्यता की समाप्ति :**

संस्था की सदस्यता की समाप्ति निम्नकारणों में से किसी एक कारण के होने पर की जा सकेगी।

1. किसी सदस्य की अचानक मृत्यु हो जाने पर,
2. पागल या दिवालिया हो जाने पर,
3. सदस्यता शुल्क समय पर अदा न करने पर,
4. प्रबंध समिति को अपना त्याग पत्र देने पर,
5. न्यायालय द्वारा किसी अनैतिक अपराध में दण्डित किये जाने पर,
6. लगातार बिना सूचना के तीन बैठकों में अनुपस्थित रहने पर,
7. संस्था के नियमों के विरूद्ध कार्य करने पर,

**7. संस्था के अंग:**

अः साधारण सभा, ब. प्रबंधकारिणी समिति,

**8. साधारण सभा:**

**अ. गठन :** साधारण सभा का गठन समस्त प्रकार के सदस्यों को मिलाकर होगा।

**ब. बैठक :** साधारण सभा की वर्ष में दो बैठक अनिवार्य होगी, विशेष बैठक आवश्यकतानुसार सूचना देकर कभी भी बुलाई जा सकेगी।

**स. सूचना अवधि :** साधारण सभा की वार्षिक बैठक की सूचना पन्द्रह दिन पूर्व तथा विशेष बैठक की सूचना एक सप्ताह पूर्व दी जाना आवश्यक है, सभी सूचनाएं लिखित, यू.पी.सी. डाक द्वारा दी जा सकेगी।

**द. गणपूर्ति :** साधारण सभा की बैठकों का कोरम कुल सदस्यों का 2/3 होगा परन्तु स्थगित बैठकों के लिए कोरम का बंधन नहीं होगा बशर्ते एजेण्डा न बदला जाये।

**य. विशेष वार्षिक अधिवेशन :**

साधारण सभा का वार्षिक अधिवेशन प्रतिवर्ष होगा, जिसकी तिथि व समय प्रबंधकारिणी समिति ही निश्चित करेगी।

सत्य प्रतिलिपि

सहायक रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
मण्डल, झांसी
30-12-14

Principal
Apex College of Pharmacy
Mauranipur Distt. Jhansi (U.P.)

अध्यक्ष/प्रबन्धक/कोषाध्यक्ष/उपप्रबन्धक
परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति
मऊरानीपुर (झाँसी) उ० प्र०

Scanned with OKEN Scanner

**प. साधारण सभा के कर्तव्य/अधिकार:**

1- साधारण सभा अपने प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन करेगी।
2- संस्था की नीति निर्धारण करना व नियमों/विनियमों में संशोधन करना।
3- प्रबंधकारिणी समिति में हुये सदस्यों, पदाधिकारियों के रिक्त स्थानों की पूर्ति करना।
4- वार्षिक आय एवं व्यय का हिसाब (बजट) का अनुमोदन करना आदि।
5- कार्य विशेष के लिए उपसमितियों का गठन करना, तथा अधिकार क्षेत्र कार्य निर्धारण करना।

**9. प्रबंधकारिणी समिति :**

**अ. गठन :** प्रबंधसमिति का गठन साधारण सभा द्वारा होगा व पद स्मृति पत्र के अनुसार ही होंगे।

**ब. बैठक :** (सामान्य/विशेष) प्रबंधकारिणी समिति की बैठक वर्ष में दो बार आवश्यक हुआ करेगी व विशेष बैठक आवश्यकतानुसार कभी भी बुलाई जा सकेगी।

**स. सूचना अवधि :** प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की सूचना एक सप्ताह पूर्व दी जायेगी तथा विशेष बैठक की सूचना दो दिन पूर्व दी जाना आवश्यक है, सभी सूचना लिखित दी जायेगी।

**द. गणपूर्ति :** प्रबंधकारिणी समिति की बैठकों का कोरम कुल सदस्यों की संख्या के 2/3 बहुमत से होगा, स्थगित बैठकों के लिए कोरम की बाध्यता न होगी बशर्ते एजेण्डा न बदला जाये।

**ब. रिक्त स्थान की पूर्ति आदि :**

1. प्रबंधकारिणी समिति में सदस्यों व पदाधिकारियों के अचानक हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति शेष के कार्यकाल पूरा होने तक साधारण सभा के 2/3 बहुमत के आधार पर होगी।

**र. प्रबंधकारिणी समिति के अधिकार/कर्तव्य :**

1. संस्था के विरुद्ध कार्यवाहियों में लिप्त संस्था के कर्मचारियों व सदस्यों के प्रति अनुशासनात्मक/अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही करना।
2. संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, खादी ग्रामोद्योग, आयोग बोर्ड, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग आदि अन्य विभागों, प्रतिष्ठानों से आर्थिक सहायतायें प्राप्त करना।

सत्य प्रतिलिपि

Principal
Apex College of Pharmacy
Mauranipur Distt. Jhansi (U.P.)

सहायक रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
झाँसी

ल. कार्यकाल : प्रबंधकारिणी समिति का कार्यकाल पांच वर्ष का होगा।

**10. प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारियों के अधिकार/कर्तव्य :**

**अध्यक्ष :**

1. समस्त प्रकार की बैठकों की अध्यक्षता करना।

2.संस्था के हितार्थ कोई भी कार्य जो आमसभा से 2/3 बहुमत से स्वीकृत हो करना।

3.प्रस्तावों पर अपना मत प्राप्त करना, गतिरोध उत्पन्न होने पर अन्तिम निर्णय देना व समिति द्वारा संचालित संस्थाओं की देख–रेख करना व बैठकों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखना।

**उपाध्यक्ष :**

- अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उसके समस्त कार्यों का निर्वाहन करना व उसके द्वारा बताये गये कार्यों को नियम पूर्वक करना व अध्यक्ष के कार्यों में उसकी सहायता करना।

**प्रबंधक :**

1. प्रबंधकारिणी समिति का यह मुख्य पदाधिकारी होगा।
2. संस्था के बाहर जाने वाले कागजात तथा रिकार्ड का सत्यापन एवं हस्ताक्षरित करना।
3. संस्था की पूंजी का प्रबंधकारिणी समिति द्वारा पास नियमों के अधीन किसी बैंक/पोस्टआफिस में रखना व संस्था में प्राप्त चन्दा, सदस्यता शुल्क, अनुदान प्राप्त करना।
4. प्रबंधकारिणी समिति द्वारा लिए गये निर्णयों पर अपने विवेक व अध्यक्ष की सहमति के द्वारा विचार कर अन्तिम रुप से निर्णय देना व संस्था की उन्नति हेतु हर सम्भव प्रयास करना।
5. समस्त विल बाउचरों पर हस्ताक्षर करना, संस्था के सभी अभिलेख व प्रपत्र अपने पास रखना।
6. कर्मचारियों की नियुक्ति, निष्कासन, पदोन्नति तथा वेतन वृद्धि करना।

**उपप्रबंधक :**

1. प्रबंधक की अनुपस्थिति में उनके द्वारा बताये गये कार्यो को करना और संस्था के विकास हेतु कार्य करना, व किये गये कार्यो की रिपोर्ट समय–समय पर अध्यक्ष को देना।

**कोषाध्यक्ष :**

1. अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उसके द्वारा बताये कार्यो को करना व आय तथा व्यय का सम्पूर्ण लेखा–जोखा व अभिलेख तैयार कर प्रबंध समिति के मुख्य पदाधिकारी/अध्यक्ष को सौंपना रखना।

सत्य प्रतिलिपि

Principal
Apex College of Pharmacy
Mauranipur Distt. Jhansi (U.P.)

सहायक रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
मण्डल, झाँसी
30-12-14

अध्यक्ष/प्रबंधक/कोषाध्यक्ष/उपप्रबंधक
परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति

Scanned with OKEN Scanner

**आय-व्यय निरीक्षक:**

1. संस्था के सम्पूर्ण आय-व्यय को आडिट करना व अपनी आडिट रिर्पोट को साधारण सभा में अध्यक्ष को समक्ष प्रस्तुत करना व आडिट पत्रों को सुरक्षित रखना व संस्था के विकास हेतु योगदान देना ।

**11. संस्था के नियमों/विनियमों में संशोधन प्रकिया :**

1. संस्था के नियमों व विनियमों में संशोधन साधारण सभा के 2/3 बहुमत के आधार पर होगा।

**12. संस्था का कोष: (लेखा व्यवस्था):**

1. संस्था का कोष किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा पोस्ट आफिस में संस्था के नाम से खाता खोलकर रखा जायेगा, जिसके खाते का संचालन संस्था के प्रवन्धक व कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षरों से होगा ।

**13. संस्था के आय व्यय का लेखा परीक्षण (आडिट):**

1. संस्था के आय व्यय का लेखापरीक्षक (आडिट) प्रतिवर्ष किया जायेगा जो संस्था मे नियुक्त आय-व्यय निरीक्षक, व चार्टेड एकाउन्टेंट द्वारा कराया जायेगा जिसकी रिर्पोट वार्षिक अधिवेशन में साधारण सभा में प्रस्तुत की जायेगी ।

**14. संस्था द्वारा अथवा उसके विरूद्ध अदालती कार्यवाही के संचालन का उत्तरदायित्व:**

1. संस्था द्वारा अथवा उसके विरूद्ध संचालित अदालती कार्यवाही के संचालन का उत्तरदायित्व संस्था के प्रबन्धक को अथवा उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को होगा।

**15.संस्था के अभिलेख:**

1. संस्था के अभिलेख निम्नलिखित अवश्य होंगे व आवश्यकतानुसार बनाये भी जा सकते है:

1. सदस्यता रजिस्टर, 2. कार्यवाही रजिस्टर, 3. एजेण्डा रजिस्टर, 4. स्टाक रजिस्टर, 5. कैश बुक आदि होंगे ।

**16.संस्था का विघटन:**

1. संस्था का विघटन और विघटित सम्पत्ति के निस्तारण की कार्यवाही सोसाईटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट की धारा 13 व 14 के अनुसार ही होगी ।

(सत्य-प्रतिलिपि)

सत्य प्रतिलिपि

दिनांक

Principal
Apex College or Pharmacy
Mauranipur Distt. Jhansi (U.P.)

सहायक रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
उ०प्र०, झाँसी
30-12-14

अध्यक्ष, प्रबन्धक, कोषाध्यक्ष, उपप्रबन्धक
परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति
मऊरानीपुर (झाँसी)

संस्था का नाम : परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति

संस्था का पता : गाँधी गंज स्टेट बैंक के आगे, मऊरानीपुर झाँसी (उ०प्र०)

संस्था का कार्यक्षेत्र : सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश रहेगा

संस्था के उद्देश्य : निम्नलिखित उद्देश्य होंगे:

1. समाज के पिछड़े और उपेक्षित वर्ग के लोगों को शैक्षिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास हेतु प्रोत्साहित करना।
2. असहाय बच्चों के शैक्षिक विकास हेतु तथा उन्हें योग्य बनाने हेतु प्रयास करना और स्वास्थ्य रक्षा के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना कर उनको संचालित करने का प्रयास करना।
3. पिछड़े हुए युवकों के लिए प्रमोद गृह, आरोग्य स्वास्थ्य मंदिर और ज्ञानार्जन हितार्थ पुस्तकालय, वाचनालय एवं मनोरंजन केन्द्रों की स्थापना करना।
4. कुष्ठ तथा असाध्य एवं संक्रामक रोगों से ग्रस्त पीड़ित, निःसहाय लोगों की निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था करना।
5. निराश्रित महिलाओं और बच्चों के लिए आश्रम स्थान, नारी सुधार केन्द्र एवं बाल विकास केन्द्रों की स्थापना करना तथा उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान करना।
6. जाति धर्म और भाषा के आधार पर उत्पन्न द्वेष भावना, वैमनस्यता की भावना को दूर कर उनमें राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करना।
7. देश में बढ़ती हुई भिक्षावृत्ति को रोकना और देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी को दूर करने हेतु युवकों को रचनात्मक कार्यक्रमों को करना।
8. अपरम्परागत ऊर्जा स्रोत संयंत्रों, गोबर गैस, सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा पर आधारित कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर उनका विकास करना।
9. उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग व खादी ग्रामोद्योग बोर्ड आयोग द्वारा संचालित कार्यक्रमों को सफल बनाने का प्रयास करना तथा निःशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिलाना जिससे वह आत्म निर्भर हो सकें।
10. महिलाओं के लिए सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, कताई व दस्तकारी प्रशिक्षण निःशुल्क केन्द्रों की स्थापना कर संचालित करने का प्रयास करना।
11. ग्रामीण विकास हेतु मलिन बस्तियों का सुधार कार्य एवं शौचालय, बिजली आदि की निःशुल्क व्यवस्था प्रदान करने का प्रयास करना।
12. पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को करना।
13. गरीब, निर्धन, अनुसूचित जाति महिलाओं के लिए प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, बाल विहार, आँगनवाड़ी एवं सिलाई कढ़ाई केन्द्र की व्यवस्था व संचालन करने का प्रयास करना।
14. शैक्षिक विकास हेतु शिक्षण संस्थाओं (विद्यालयों) की स्थापना करना व उनमें निम्न स्तर से उच्च स्तर शिक्षा देने की व्यवस्था करना।
15. विभिन्न प्रकार के प्रदूषण के रोकथाम के लिये प्रचार प्रसार करना।
16. सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह, दहेज प्रथा, अंध विश्वास छुआछूत को समाप्त हेतु उनका प्रचार व प्रसार करना।
17. समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम विचार गोष्ठी, कार्यशाला, सेमिनार, सम्मेलन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करने का प्रयास करना।
18. बाल पुष्टाहार योजना तथा निःशुल्क चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था करना।
19. शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त करना तथा हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत माध्यमों से क्षेत्रीय भाषा एवं बोली में शिक्षा देने हेतु पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, महिला विद्यालयों, मदरसा, संस्कृत विद्यालय, प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, प्रौढ़ महिलाओं हेतु शिक्षा केन्द्र, पत्राचार शिक्षा केन्द्र, अनुसूचित जाति, जन जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक के लिये बालक बालिका आश्रम, आवासीय विद्यालयों एवं कोचिंग कक्षाओं, झूलाघर, आँगनवाड़ी का संचालन करना तथा साक्षरता कार्यक्रम का संचालन एवं शिक्षा का प्रचार प्रसार करना। सम्मेलन व अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन व संचालन करना। अंग्रेजी सिखाना,

**सत्य प्रतिलिपि**

Principal
Apex College of Pharmacy,
Mauranipur Distt. Jhansi (U.P.)

अध्यक्ष/प्रबन्धक/कोषाध्यक्ष/उपप्रबन्धक
परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति
मऊरानीपुर (झाँसी) उ० प्र०

**सहायक रजिस्ट्रार**

कोर्स, इंजीनियरिंग के विभिन्न पाठ्यक्रम की शिक्षा देना। अन्तराष्ट्रीय शिक्षा हेतु कोचिंग व कम्प्यूटर शिक्षण प्रशिक्षण एवं कोचिंग कॉलेज व संस्थान का संचालन करना। माध्यमिक शिक्षा मण्डल उत्तर प्रदेश से एवं सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन (सी०बी०एस०ई०) शासन/विश्व विद्यालयों से मान्यता प्राप्त कर विद्यालय, महाविद्यालय, शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, बी० एड०, डी० फार्मा, फार्मा डी०बी०ए०सी०डी०सी०, ए०, बी०यू०एम०एस०, बी०ए०एम०एस०, बी०एच०एम०एस०, आई०टी०आई० एवं पॉलिटेक्निक एवं सभी पैथी के चिकित्सा महाविद्यालय, शिक्षक प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन करना, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर प्रशिक्षण देना तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण कोर्स का संचालन करना, इंजीनियरिंग मैडिकल एवं टेक्नोलॉजी की उच्च शिक्षा हेतु इंजीनियरिंग महा विद्यालयों का संचालन करना तथा विधि शिक्षा, व्यावसायिक उच्च शिक्षा, बैचलर ऑफ एजूकेशन मास्टर ऑफ एजूकेशन, नर्स प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, मास्टर ऑफ बिजनिस एडमिनिस्ट्रेशन, मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन बैचलर ऑफ, फार्मेसी, मास्टर ऑफ फार्मेसी बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन बैचलर ऑफ बिजनिस एडमिनिस्ट्रेशन, बैचलर ऑफ नर्सिंग साइंस, नर्सिंग साइंस, कम्पाउण्डर एवं दाई प्रशिक्षण, नर्सिंग, ए०एन०एम० जी० नर्सिंग तथा पैथोलॉजी प्रशिक्षण केन्द्र आदि कोर्सों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन करना। कम्प्यूटर, मोबाइल, टी०वी०, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर, वाहनों का प्रशिक्षण देना। शिक्षा सह: शिक्षण एवं स्नातक, स्नातकोत्तर, शोध संस्थान तथा दूरस्थ शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षण केन्द्रों का संचालन करना।

20. ग्राम स्वराज एवं पंचायती राज की भावनाओं को अनुकूल ग्राम उत्थान के लिये कार्य करना ग्रामीण विकास हेतु शिक्षण प्रशिक्षण हस्तशिल्प प्रशिक्षण व लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों का संचालन करना तथा ग्रामीण क्षेत्र के कलाकारों का प्रोत्साहन देकर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देना तथा कलाकृतियों को बढ़ावा देना। समग्र स्वच्छता समग्र ग्राम विकास की अवधारणा को साकार करने के लिये महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक संगठन, जनजागरूकता एवं पीड़ित मानव की सेवा हेतु कार्य करना तथा नैतिक विचार हेतु कार्यक्रम तथा स्कूल, चिकित्सा तथा आई० क्यू० एवं मनो वैज्ञानिक परामर्श देना व ब्लड डोनेशन कैम्प लगवाना एक्यूप्रेशर, एक्यूपंचर, स्पर्श चिकित्सा, सुजोक इत्यादि की पद्धतियों की शिक्षा विकास अनुसंधान एंव ईलाज करना।

21. आकस्मिक आपदाओं से पीड़ित मानव की सेवा करना।

22. खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा संत व महापुरुषों की जयंतियों का आयोजन एवं संचालन करना तथा प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित करना। टेबिल टेनिस, वालीबाल तैराकी, तीरन्दाजी आदि जैसे खेलों को प्रोत्साहन प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता का आयोजन करना, किकबॉक्सिंग एण्ड वुशु, बॉक्सिंग, कबड्डी, जूडो कराटे, ताईक्वान्डो, योग, एरोबिक्स, डांस, खेल परिसरों की सुचारू व्यवस्था व संचालन करना। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना एवं टूर्नामेंट व प्रतियोगिताओं का आयोजन करना। एथलेटिक्स खेलों व विभिन्न खेलों के आयोजन करना व राष्ट्रीय एकता अखण्डता के लिये प्रतियोगितायें तथा नाटक काव्य गोष्ठियों का आयोजन करना यातायात शिक्षा देना।

23. परिवार नियोजन, फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम, बाल लिंग अनुपात कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रमों का संचालन तथा एड्स, कैंसर, पोलियो, टी० बी०, हेपेटाइटिस बी० टाइफाइड (मलेरिया) तथा माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य कल्याण एवं टीकाकरण की जानकारी एवं शिशुओं के स्वास्थ्य कल्याण एवं टीकाकरण की जानकारी एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन व स्वास्थ्य शिक्षा, यौन शिक्षा, बालश्रम स्कूलों का संचालन करना।

24. सरकारी योजना का पब्लिसिटी का प्रचार करना स्वतंत्र पत्रकारों के रोजगार योजनाओं का प्रचार, पत्रकारिता पाठ्यक्रम का संचालन व अनुसंधान, उपभोक्ता संरक्षण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति के विकास के कार्य करना व अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थायें खोलना, महिला और युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर तलाशना। सामाजिक जागरूकता के लिये इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया, वेबसाइट का निर्माण एवं शासकीय अशासकीय प्रचार प्रसार करना, जन सम्पर्क से संबंधित सेमीनार, सम्मेलन वर्कशाप आदि आयोजन करना।

सत्य प्रतिलिपि

सहायक रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
झाँसी
30/12/-

Principal
Apex College of Pharmacy
Mauranipur Distt. Jhansi (U.P.)

अध्यक्ष / प्रबन्धक / कोषाध्यक्ष / उपप्रबन्धक
परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति
मऊरानीपुर (झाँसी) उ० प्र०

# संस्थाः– परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति

पता– गांधीगंज स्टेट बैंक के आगे मऊरानीपुर झांसी (उ0प्र0)।

**प्रबन्धकार्यकारिणी समिति की सूची वर्ष– 2018–19 प्रभावी दिनांक 11.11.2018**

| क्र. | नाम | पिता / पति का नाम | पता | पद | व्यवसाय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रभा साहू | श्री रामलाल साहू | मडा मऊरानीपुर झांसी | अध्यक्ष | व्यापार |
| 2. | राजकुमारी साहू | श्री अनिल कुमार साहू | [illegible]नगर झांसी | उपाध्यक्ष | गृहणी |
| 3. | राहुल साहू | श्री रामलाल साहू । | [illegible] मऊरानीपुर झांसी | प्रबन्धक | व्यापार |
| 4. | रूपाली साहू | श्री राहुल साहू | गांधीगंज मऊरानीपुर झांसी | उपप्रबन्धक | गृहणी |
| 5. | महेन्द्र साहू | श्री बिहारीलाल साहू | गांधीगंज मऊरानीपुर झांसी | कोषाध्यक्ष | गृहणी |
| 6. | नरेन्द्र साहू | श्री के0सी0 साहू | पी071 आ0वि0 झांसी | आय–व्यय निरी0 | व्यापार |
| 7. | संगीता साहू | श्री महेन्द्र साहू | गांधीगंज मऊरानीपुर झांसी | सदस्य | गृहणी |
| 8. | प्रमिला साहू | श्री सुनील कुमार साहू | गांधीगंज मऊरानीपुर झांसी | सदस्य | व्यापार |
| 9. | सुनील साहू | श्री बिहारीलाल साहू | गांधीगंज मऊरानीपुर झांसी | सदस्य | व्यापार |
| 10. | अंकित साहू | श्री अनिल साहू | शिवाजीनगर झांसी | सदस्य | व्यापार |
| 11. | मीना प्रनामी | श्री राजेश प्रनामी | गौसगंज मसानगर कानपुर | सदस्य | व्यापार |

प्रभा
Roopali
महेन्द्र साहू

Principal
Apex College or Pharmacy
Mauranipur Distt. Jhansi

अध्यक्ष / प्रबन्धक / कोषाध्यक्ष, उपप्रबन्धक
परिवर्तन समाज शिक्षा कल्याण समिति
मऊरानीपुर (झाँसी) उ० प्र०